आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार
दिनांकः 22.09.2024 समय : 18.30 पीएम

- अमरीका ने भारत से चुराई गई दो सौ 97 कलाकृतियों को लौटाने का फैसला किया है।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
- जैसलमेर जिले में आज 6 चयनित स्थानों पर एक घंटे में 5 लाख पौधे लगाये गये।
- प्रदेश में बारिश का दौर थमने से दिन के तापमान में बढोतरी का दौर जारी।

0000

अमरीका ने भारत से चुराई गईं दो सौ 97 कलाकृतियों को लौटाने का फैसला किया है। यह कलाकृतियां जल्द ही भारत भेजी जाएंगी। प्रधानमंत्री ने इन कलाकृतियों को लौटाने के लिए राष्ट्रपति बाइडेन का धन्यवाद किया। श्री मोदी ने कहा कि ये वस्तुएं केवल भारत की ऐतिहासिक संस्कृति का ही हिस्सा नहीं है बल्कि ये उसकी सभ्यता का आधार हैं। घनिष्ठ द्विपक्षीय और सांस्कृतिक संबंधो को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से जून 2023 में जारी किये गये संयुक्त वक्तव्य के अनुसार अमरीकी विदेश विभाग और संस्कृति मंत्रालय के तहत आने वाले भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने राष्ट्रपति बाइडेन और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए जुलाई 2024 में एक सांस्कृतिक संपदा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। अधिकांश कलाकृतियां पूर्वी भारत की टैराकोटा से बनी हैं जबकि शेष कलाकृतियां पत्थर, धातु, लकड़ी और हाथी दांत से बनी हैं और उनका संबंध देश के विभिन्न भागों से है।

000000

चार दिन का वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 आज संपन्न हो गया। यह नई दिल्ली के भारत मंडपम में 19 सितम्बर को शुरू हुआ था। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के अलावा लगभग 90 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसके अलावा 18 केंद्रीय मंत्रालयों और सहयोगी सरकारी निकायों ने भी इस आयोजन में शिरकत की। इस कार्यक्रम में खाद्य प्रसंस्करण में वैश्विक महाशक्ति के रूप में भारत के उभरते स्वरूप को दर्शाया गया। यह कार्यक्रम खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार, प्रौद्योगिकी और स्थिरता का संगम रहा।

000

भारतीय संसद कल से नई दिल्ली में शुरू हो रहे दो दिवसीय 10वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ–सीपीए भारत क्षेत्र सम्मेलन की मेजबानी करेगा। सम्मेलन की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष श्री बिरला सीपीए भारत क्षेत्र के अध्यक्ष भी हैं। सम्मेलन से पहले सीपीए भारत क्षेत्र कार्यकारी समिति की बैठक होगी। सम्मेलन का विषय सतत और समावेशी विकास में विधायी समितियों की भूमिका है।

00000

अजमेर के महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय में आज अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ओर से शिक्षक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि शिक्षा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपनी मां तथा परिवार से मिली शिक्षा से बच्चे छोटी उम्र में ही विशेष योग्यताओं को अर्जित कर लेते हैं। शिक्षक को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को केन्द्र में रखकर अध्यापन करवाना चाहिए। इससे विद्यार्थी के जीवन में उत्तरोत्तर विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। राज्यपाल ने कहा कि माधवराव सदाशिव गोलवलकर 'गुरूजी' के विचारों पर नई शिक्षा नीति में जोर देना चाहिए। शिक्षा में सुधार के लिए बनी नीतियों, शिक्षा आयोगों और कमेटियों के सुझावों का प्रभाव प्राथमिक शिक्षा पर होने से विद्यार्थियों में राष्ट्र प्रथम का भाव जागृत होगा। भारतीय शिक्षा पद्धति में हमारी संस्कृति, देवधर्म एवं आदर्शों के आचरण को स्थान देना आवश्यक है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि गलती होना स्वाभाविक है लेकिन उस गलती को स्वीकार करते हुए क्षमा मांग लेना बहुत बड़ा मानवीय गुण है और सामने वाले को क्षमा करना उससे भी बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि क्षमा मांगने से कटुता और द्वेष–भाव समाप्त हो जाता है जिससे समाज में शांति और सद्भाव का मार्ग प्रशस्त होता है। श्री शर्मा आज जयपुर में राजस्थान जैन सभा की ओर से आयोजित 'सामूहिक क्षमापन पर्व समारोह' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह दिन हमारे आत्मिक शुद्धिकरण का पर्व होने के साथ–साथ समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का स्मरण भी करवाता है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म की सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अस्तेय की शिक्षाएं आज के युग में भी प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में मुनि श्री शशांक सागर, पावन सागर और समत्व सागर महाराज सहित कई धर्म गुरू मौजूद रहे। समारोह में जयपुर सांसद मंजू शर्मा, विधायक कालीचरण सराफ, राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चंद जैन सहित बड़ी संख्या में जैन समाज के लोग भी शामिल हुए।

......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देने के लिए किये गये बडे फैसले के बारे में बता रहे है।

देशभर में लागू की गई आयुष्मान भारत योजना एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। यह योजना आज देश के करोडो लोगों के सरल जीवन का आधार बनी हुई है। इसके तहत 5 लाख रूपये तक के ईलाज का खर्च केन्द्र सरकार उठा रही है। इस योजना के तहत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य कवरेज दिया जायेगा। 70 वर्ष से अधिक उम्र के गरीब लोगों को उनके अपने कार्ड के अलावा 5 लाख रूपये तक का अतिरिक्त कवरेज भी दिया जायेगा। इस योजना से करीब 4 करोड परिवारों

के 6 करोड बुजुर्गों को लाभ मिलेगा। खास बात यह है कि इस योजना में शामिल होने के लिए आय की कोई सीमा नहीं रखी गई है।

00000

प्रदेश के सीमावर्ती जिले जैसलमेर को हराभरा करने के उद्देश्य से आज एक घंटे में पांच लाख पौधे लगाये गये। पर्यावरण संरक्षण से जुड़े इस अभियान के तहत जिले के छह चयनित स्थानों पर ये पौध रोपण किया गया।

..................

दौसा जिले में नव साक्षरों के लिए उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत परीक्षा आयोजित हुई। जिले के 299 परीक्षा केन्द्रों पर करीब 15 हजार परीक्षार्थियों ने साक्षरता की परीक्षा दी। परीक्षा देने महिलाएं ग्रामीण परिवेश में गीत गाते हुए परीक्षा केन्द्रों पर पहुंची। दौसा ब्लॉक के साक्षरता समन्वयक विकास तिवाडी ने बताया कि ब्लॉक में करीब 2 हजार परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए है।

00000

प्रदेश में बारिश का दौर थमने के बाद ज्यादातर स्थानों पर दिन का तापमान बढ़ने लगा है। वहीं सुबह और रात को गुलाबी ठंड का अहसास होने लगा है। इस बीच, पिछले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश दर्ज की गई है। उदयपुर और जोधपुर में कहीं–कहीं बरसात हुई। प्रदेश के शहरों के पारे में एक से तीन डिग्री तक का उछाल देखने को मिला। टोंक और सवाईमाधोपुर जिले में आज दिन में मौसम साफ रहा। वही धूप में तेजी होने से दिन में गर्मी का असर बना रहा। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले दो दिन पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश भागों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वहीं पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान है।

000000

प्रदेश में तीन अलग–अलग हादसों में तीन लोगों की मृत्यु हो गई और 17 लोग घायल हो गए। सांचौर जिले के रानीवाड़ा तहसील के दईपुर गांव में बिजली का करंट लगने से सगे भाई बहिन की मौत हो गई। वहीं चित्तौडगढ जिले के निम्बाहेडा–छोटी सादडी मार्ग पर शनिवार देररात को दो वाहनों की टक्कर के बाद लगी आग से झुलसकर एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई और एक अन्य घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए उदयपुर भेजा गया है। सवाईमाधोपुर जिले के बौंली थाना क्षेत्र के लाखनपुर घाटी में एक जीप के पलट जाने से 16 लोग घायल हो गए। ये सभी किसी कार्यक्रम में शामिल होने खिरनी गांव जा रहे थे।

00000

सवाईमाधोपुर जिले के प्रसिद्ध रणथम्भौर बाघ परियोजना क्षेत्र के खण्डार रेंज में एक बाघ की मृत्यु हो गई। ये बाघ टी–2312 क्षेत्राधिकार के लिए दूसरे बाघों से हुए संघर्ष में बुरी तरह घायल हो गया था। मृत बाघ का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

000000

जोधपुर एम्स के आहार विज्ञान विभाग की ओर से पोषण माह के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। पोषण से जुड़े सभी आवश्यक तत्वों को शामिल करते हुए समग्र पोषण विषय पर कल प्रदर्शनी

लगाई गई। इसमें गर्भाधान से लेकर वृद्धावस्था तक सभी आयु समूहों के लिए स्वस्थ आहार संबंधी आदतों को बढ़ावा देने वाले कई सूचनात्मक प्रदर्शन और लाइव डेमोंस्ट्रेशन शामिल थे।

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

0000000